# केन्द्रीय विद्यालय संगठन एर्नाकुलम संभाग
## बोर्ड पूर्व परीक्षा 2025-26

## विषय: हिंदी(आधार)-302

कक्षा: XII

निर्धारित समय: 3 घण्टे

अधिकतम अंक: 80

सामान्य निर्देश ;

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :-

1. प्रश्न पत्र कुल 80 अंक का है|
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के आगे अंकित है।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की संख्या 16 है ।
4. निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित शब्द सीमा में ही देने हैं।
5. तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
6. यथासंभव तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| | **खण्ड-अ (वस्तुपरक प्रश्न)** | |
| | अपठित बोध | **अंक (18)** |
| **प्रश्न.1.** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>आज के युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) तेजी से हमारे जीवन का हिस्सा बन गई है। स्मार्टफोन ऐप्स, चैटबॉट्स, ऑनलाइन टूल्स और AI आधारित प्लेटफॉर्म युवाओं के अध्ययन, मनोरंजन, काम और सामाजिक संपर्क को आसान बना रहे हैं। छात्र AI की मदद से तेजी से और सटीक | **10** |

| | | |
|---|---|---|
| | जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, अपने समय का सही उपयोग कर सकते हैं और नई चीज़ें सीखने में अधिक सक्षम हो गए हैं।<br>AI ने शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य और रोजमर्रा के कामों में क्रांति ला दी है। उदाहरण के लिए, ऑनलाइन ट्यूटरिंग प्लेटफॉर्म, भाषा सीखने वाले ऐप्स और कोडिंग ट्रेनिंग टूल्स छात्रों को पारंपरिक तरीकों से कहीं अधिक सुविधा देते हैं।<br>हालांकि, लगातार AI और डिजिटल उपकरणों पर निर्भर रहने से सोचने और समस्या सुलझाने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा, डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दे भी बढ़ते हैं। इसलिए, AI का विवेकपूर्ण और संतुलित उपयोग ही भविष्य की सफलता और स्वस्थ जीवन की कुंजी है।<br>विशेषज्ञ कहते हैं कि युवा वर्ग को तकनीक का लाभ उठाते समय समय प्रबंधन, आत्म-नियंत्रण और डिजिटल डिसिप्लिन बनाए रखना चाहिए। केवल तकनीक पर निर्भर रहना समस्याओं को बढ़ा सकता है, जबकि संतुलित उपयोग उन्हें अधिक कुशल और आत्मनिर्भर बना सकता है। | |
| 1. | AI की मदद से छात्र क्या कर सकते हैं?<br>(अ) केवल खेल खेलना<br>(ब) तेजी से और सटीक जानकारी प्राप्त करना<br>(स) केवल किताब पढ़ना<br>(द) सिर्फ मनोरंजन करना | 1 |
| 2. | कथन (Statement): लगातार AI पर निर्भर रहने से सोचने और समस्या सुलझाने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।<br>कारण (Reason): AI छात्रों को जल्दी और सटीक जानकारी देता है।<br>विकल्प:<br>(अ) कथन सही है, कारण सही है और कारण कथन का सही स्पष्टीकरण है।<br>(ब) कथन सही है, कारण सही है लेकिन कारण कथन का सही स्पष्टीकरण नहीं है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (स) कथन सही नहीं है, कारण सही है।<br>(द) कथन और कारण दोनों गलत हैं। | |
| **3.** | स्तंभ-1 को स्तंभ-2 से सुमेलित करके सही विकल्प का चयन करें-<br>स्तंभ A (AI के प्रभाव)<br>1. सीखने की गति बढ़ाना<br>2. मानसिक स्वास्थ्य पर असर<br>3. रोजमर्रा के कामों में सुविधा<br><br>स्तंभ B (उदाहरण / विवरण)<br>A. अत्यधिक निर्भरता से समस्याएं<br>B. ऑनलाइन शिक्षा और संसाधनों की सहायता<br>C. ऐप्स और टूल्स की मदद<br><br>मिलान विकल्प:<br>(अ) 1-A, 2-B, 3-C<br>(ब) 1-C, 2-A, 3-B<br>(स) 1-B, 2-C, 3-A<br>(द) 1-C, 2-B, 3-A | 1 |
| **4.** | AI का विवेकपूर्ण उपयोग युवाओं के लिए क्यों जरूरी है? | 1 |
| **5.** | लगातार AI पर निर्भर रहने से क्या नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं? | 2 |
| **6.** | गद्यांश के अनुसार युवाओं को तकनीक का संतुलित उपयोग करते समय किन तीन बातों का ध्यान रखना चाहिए? | 2 |
| **7.** | गद्यांश के आधार पर उदाहरण सहित बताइए कि AI युवाओं के जीवन को कैसे आसान बना सकता है? | 2 |
| **प्रश्न.2.** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **8** |

| | | |
|---|---|---|
| | क्या रोकेंगे प्रलय मेघ ये, क्या विद्युत-घन के नर्तन,<br>मुझे न साथी रोक सकेंगे, सागर के गर्जन-तर्जन ।<br>मैं अविराम पथिक अलबेला रुके न मेरे कभी चरण,<br>शूलों के बदले फूलों का किया न मैंने मित्र चयन ।<br>मैं विपदाओं में मुसकाता नव आशा के दीप लिए ।<br>फिर मुझको क्या रोक सकेंगे, जीवन के उत्थान-पतन।<br>आँधी हो, ओले-वर्षा हों, राह सुपरिचित है मेरी,<br>फिर मुझको क्या डरा सकेंगे, ये जग के खंडन-मंडन।<br>मैं अटका कब, कब विचलित मैं, सतत डगर मेरी संबल।<br>रोक सकी पगले कब मुझको यह युग की प्राचीर निबल।<br>मुझे डरा पाए कब अंधड़, ज्वालामुखियों के कंपन,<br>मुझे पथिक कब रोक सके हैं, अग्निशिखाओं के नर्तन।<br>मैं बढ़ता अविराम निरंतर तन-मन में उन्माद लिए,<br>फिर मुझको क्या डरा सकेंगे, ये बादल-विद्युत नर्तन। | |
| **1.** | कवि का दृष्टिकोण क्या है-<br>अ. वह एक सकारात्मक और आशावादी दृष्टिकोण रखता है, लेकिन वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की कोशिश करता रहता है\|<br>ब. वह एक नकारात्मक और निराशावादी दृष्टिकोण रखता है, लेकिन वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की कोशिश करता रहता है\|<br>स. वह एक उतार-चढ़ाव वाला दृष्टिकोण रखता है, लेकिन वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की कोशिश करता रहता है\|<br>द. वह एक उदासवृत्ति वाला दृष्टिकोण रखता है, लेकिन वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की कोशिश करता रहता है\| | 1 |
| **2.** | कविता में 'युग की प्राचीर निबल' से कवि का आशय नहीं है-<br>अ. समय की बाधाएँ ब. पुराने विचारों और विश्वासों को तोड़ना<br>स. एक नए युग की शुरुआत द. युग की दीवार कमजोर है | 1 |

<table>
<tr><td>3.</td><td>स्तंभ-1 को स्तंभ-2 से सुमेलित करके सही विकल्प का चयन करें-
<table>
<tr><th>स्तंभ-1</th><th>स्तंभ-2</th></tr>
<tr><td>① मैं अटका कब, कब विचलित मैं, सतत डगर मेरी संबल<br>रोक सकी पगले कब मुझको यह युग की प्राचीर निबल?</td><td>i) उत्साह</td></tr>
<tr><td>② मैं बढ़ता अविराम निरंतर, तन-मन में उन्माद लिए,<br>फिर मुझको क्या डरा सकेंगे, ये बादल-विद्युत नर्तन?</td><td>ii) आशा</td></tr>
<tr><td>③ मैं विपदाओं में मुसकाता, नव आशा के दीप लिए,<br>फिर मुझको क्या डरा सकेंगे, ये जग के खंडन-मंडन?</td><td>iii) चुनौती</td></tr>
</table>
अ. ①-ii , ②-i , ③-iii    ब. ①-ii , ②-iii , ③-i<br>
स. ①-iii , ②-i , ③-ii    द. ①-iii , ②-ii , ③-i</td><td></td></tr>
<tr><td>4.</td><td>"मुझे डरा पाए कब अंधड़, ज्वालामुखियों के कंपन" इस पंक्ति के द्वारा कवि क्या व्यक्त करना चाहते हैं?</td><td>1</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>कवि ने अवसर मिलने पर भी शूलों के बदले फूलों का चयन नहीं किया | आपके विचार से कवि ने ऐसा क्यों किया?</td><td>2</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>दिए गए पद्यांश का आप क्या शीर्षक देना चाहेंगे और क्यों?स्पष्ट करें</td><td>2</td></tr>
<tr><td></td><td>खंड -ब (अभिव्यक्ति और मध्यम पाठ्य पुस्तक के आधार पर)</td><td></td></tr>
<tr><td>प्रश्न.3.</td><td>निम्नलिखित अप्रत्याशित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए।<br>क) सकारात्मक सोच से जीवन में बदलाव<br>ख) उच्च शिक्षा हेतु छात्रों का विदेशों को पलायन</td><td>6</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | ग) खान पान की बदलती शैली और युवा पीढ़ी | |
| **प्रश्न.4.** | **निम्नलिखित में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए-** | **2×4 =8** |
| | **क**. समाचार लेखन की उल्टा पिरामिड शैली क्या है? | |
| | ख. समाचार माध्यमों में डेडलाइन का पालन पत्रकारों के लिए क्यों आवश्यक होता है? इससे समाचार प्रसारण की गुणवत्ता पर क्या प्रभाव पड़ता है? | |
| | ग. टेलीविजन में लाइव का क्या अर्थ है ? | |
| | घ. फ्रीलांसर पत्रकार किसे कहते हैं ? | |
| | ड.समाचार के छः ककार को स्पष्ट कीजिए \| | |
| **प्रश्न.5.** | **निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए-** | 4x2=8 |
| | क) रेडियो नाटक लिखते समय संवाद, ध्वनि प्रभाव और दृश्यांकन की क्या भूमिका होती है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। | |
| | ख) एक प्रभावी रेडियो नाटक तैयार करने के लिए लेखक को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? | |
| | ग) फीचर से आप क्या समझते है ? और यह कैसे लिखा जाता है ? | |
| | **खंड- स पाठ्यपुस्तक 'आरोह भाग 2' एवं वितान भाग -2 पर आधारित प्रश्न** | |
| **प्रश्न.6.** | **निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर उचित विकल्पों का चयन कीजिए :-** | **1×5=5** |
| | मैं जग - जीवन का भार लिए फिरता हूँ,<br>फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ;<br>कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर<br>मैं साँसों के दो तार लिए फिरता हूँ !<br>मैं स्नेह-सुरा का पान किया कस्ता हूँ,<br>में कभी न जग का ध्यान किया करता हूँ,<br>जग पूछ रहा उनको, जो जग की गाते, | |

| | | |
|---|---|---|
| | मैं अपने मन का गान किया करता हूँ ! | |
| **1.** | कवि के ‘जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ’ कथन से क्या अभिप्राय है?<br>(अ) कवि समाज से नफ़रत करता है<br>(ब) कवि के हृदय में प्रेम और करुणा की भावना है<br>(स) कवि को जीवन व्यर्थ लगता है<br>(द) कवि केवल आत्मप्रशंसा करता है | 1 |
| **2.** | कथन (A): कवि कहता है कि वह "अपने मन का गान किया करता हूँ।"<br>कारण (R): कवि केवल समाज की अपेक्षाओं के अनुसार रचना करता है।<br><br>(अ) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ब) A और R दोनों सत्य हैं, पर R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(स) A सत्य है, पर R असत्य है।<br>(द) A असत्य है, पर R सत्य है। | 1 |
| **3.** | कवि ‘जग का ध्यान नहीं करता’ - इस कथन से कवि का कौन-सा गुण स्पष्ट होता है?<br>(अ) अहंकार<br>(ब) आत्मकेन्द्रितता<br>(स) आत्मानुभूति और मौलिकता<br>(द) उदासीनता | 1 |
| **4.** | कवि की ‘मैं अपने मन का गान किया करता हूँ’ पंक्ति में किस प्रकार की स्वायत्तता दिखाई देती है?<br>(अ) सामाजिक स्वायत्तता<br>(ब) कलात्मक और आत्मिक स्वायत्तता<br>(स) आर्थिक स्वतंत्रता<br>(द) राजनीतिक स्वतंत्रता | 1 |
| **5.** | ‘मैं साँसों के दो तार लिए फिरता हूँ’ - इस पंक्ति में कवि ने किस भाव | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | का संकेत दिया है?<br>(अ) जीवन की नश्वरता का<br>(ब) संगीत और संवेदना से जुड़े अस्तित्व का<br>(स) शोक और पीड़ा का<br>(द) एकाकीपन का | |
| **प्रश्न.7.** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए ।**<br>क. भाषा को सहूलियत से बरतने का क्या मतलब है? उदाहरण सहित समझाइए कि कैसे भाषा का सही और सरल प्रयोग व्यक्ति की सोच और संवाद क्षमता को बढ़ाता है।<br>ख. 'छोटा मेरा खेत' कविता के आधार पर कविकर्म और कृषिकर्म में क्या क्या समानताएँ हैं और क्या अंतर है?<br>ग. *"जन्म से ही वे लाते हैं अपने साथ कपास।" 'पतंग' कविता की* इस पंक्ति के आधार पर बताइए कि बच्चों और कपास के बीच कौन-सा प्रतीकात्मक संबंध स्थापित किया जा सकता है। | **3×2 =6** |
| **प्रश्न-.8.** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए ।**<br>क) कविता *'कैमरे में बंद अपाहिज'* के आधार पर बताइए कि कवि समाज में करुणा के दिखावे के पीछे छिपी क्रूरता को किस प्रकार उजागर करता है? उदाहरण सहित समझाइए।<br>ख ) 'उषा' कविता में प्रातःकाल के आकाश की तुलना *नीले शंख* से की गई है। इस उपमा के माध्यम से कवि ने प्रकृति सुंदरता का कौन-सा चित्र प्रस्तुत किया है? स्पष्ट कीजिए।<br>ग ) 'बादल राग' कविता में कवि ने बादलों के माध्यम से जीवन-निर्माण के नए राग और नव-निर्माण के भैरव-संगीत की भावना व्यक्त की है। इस कथन के पक्ष या विपक्ष में अपने तर्कपूर्ण विचार लिखिए | **2×2 =4** |
| **प्रश्न.9.** | **निम्नलिखित पठित गदयांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए -** | **1×5=5** |

| | | |
|---|---|---|
| | पिता का उस पर अगाध प्रेम होने के कारण स्वभावत: ईर्ष्यालु और संपत्ति की रक्षा में सतर्क विमाता ने उनके मरणांतक रोग का समाचार तब भेजा जब वह मृत्यु की सूचना भी बन चुका था । रोने पीटने के अपशकुन से बचने के लिए सास ने भी उसे कुछ ना बताया। बहुत दिन से नैहर नहीं गई, सो जा कर देख आवे, यही कहकर और पहना -उढ़ाकर सास ने उसे विदा कर दिया। इस अप्रत्याशित अनुग्रह ने उसके पैरों में जो पंख लगा दिए थे, वह गांव की सीमा में पहुंचते ही झड़ गए।'हाय लक्षमिन अब आई'की अस्पष्ट पुनरावृतियां और स्पष्ट सहानुभूति पूर्ण दृष्टियां उसे घर तक ठेल ले गई। पर वहां न पिता का चिह्न शेष था, न विमाता के व्यवहार में शिष्टाचार का लेश था। दुख से शिथिल और अपमान से जलती हुई वह उस घर में पानी भी बिना पिए उलटें पैरों ससुराल लौट पड़ी। सास को खरी-खोटी सुनाकर उसने विमाता पर आया हुआ क्रोध शांत किया और पति के ऊपर गहने फेंक फेंक कर उसने पिता के चिर बिछोह की मर्म व्यथा व्यक्त की। | |
| **1.** | **गद्यांश में उल्लिखित 'अप्रत्याशित अनुग्रह' क्या है?**<br>क) पिता का उस पर अगाध प्रेम ख) सज -धज कर जाने की अनुमति मिलना<br>ग) बिना माँगे नैहर जाने की अनुमति मिलना घ) संपत्ति की रक्षा | 1 |
| **2.** | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?<br>क) भक्तिन की विमाता के व्यवहार में शिष्टाचार का लेश था<br>ख) घर में पिताजी का चिह्न तक शेष नहीं था<br>ग) भक्तिन दुख से शिथिल हो गई थी और अपमान से जल गई थी<br>घ) नैहर में पानी भी बिना पिए उलटें पैरों ससुराल लौट पड़ी। | 1 |
| **3.** | निम्न लिखित कथन एवं कारण को पढिए और उसके आधार पर सही विकल्प चुनिए -<br>**कथन:** विमाता ने पिताजी के मरणांतक रोग का समाचार तब भेजा जब वह मृत्यु की सूचना भी बन चुका था | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **कारण :** पिता -पुत्री के बीच अगाध प्रेम होने के कारण रोग की खबर जानकार वह बहुत दुखी हो जाएगी\|<br>क) कथन और कारण दोनों सही हैं<br>ख) कथन सही है लेकिन कारण गलत है<br>ग) कथन गलत है लेकिन कारण सही है<br>घ) कथन और कारण दोनों गलत हैं | |
| 4 | **भक्तिन वापस अपने ससुराल पहुंचने पर अपनी सास को खरी खोटी क्यों सुनाया?**<br>क) क्योंकि वह अपनी सास के कपट पूर्ण व्यवहार से आहत थी।<br>ख) क्योंकि भक्तिन की सास ने उसके पिता की मृत्यु की बात को जानते हुए भी उससे से नहीं बताया।<br>ग) क्योंकि सास भक्तिन के दुख से बढ़कर उसके रोने -पीटने के अपशकुन पर ज्यादा चिंतित थी\|<br>घ) उपरोक्त तीनों सही है | 1 |
| 5. | **चिर विछोह से क्या तात्पर्य है?**<br>क) क्षणिक वियोग ख) दीर्घकालिक वियोग<br>ग) शाश्वत वियोग घ) दुखद अलगाव | 1 |
| प्रश्न.10. | **निम्नलिखित** प्रश्नों **में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए-**<br>क) "आवश्यकता से अधिक खरीदारी ही बाजार में शोषण का रूप धारण कर लेती है"।बाजार दर्शन पाठ के आधार पर इस कथन के पक्ष में तर्क सहित उत्तर दीजिए<br>ख) गाँव में महामारी फैलने और अपने बेटों के देहांत के बावजूद लुट्टन पहलवान ढोल बजाता रहा? इससे समाज को कौनसा संदेश मिलता है<br>ग) लेखक भीमराव आंबेडकर के एक आदर्श समाज की कल्पना' का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए । | 3×2 =6 |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न.11 .** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए \|**<br>क) जाति- प्रथा को श्रम-विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे डॉ० अबेडकर के तर्कों को स्पष्ट कीजिए ?<br>ख) शिरीष को 'अद्‌भुत अवधूत' क्यों कहा गया है?<br>ग) 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि 'गगरी फूटी बैल पियासा' से लेखक का क्या आशय हैं? | 2×2 =**4** |
| **प्रश्न.12 .** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए \|**<br>क) यशोधर बाबू की कहानी को दिशा देने में किशनदा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। आपके जीवन को दिशा देने में किसका महत्त्वपूर्ण योगदान है और कैसे?<br>ख) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ में सिंधु सभ्यता के सबसे बड़े नगर 'मुअनजोदड़ो' की नगर योजना आज की नगर योजनाओं से किस प्रकार बेहतर थी? उदाहरण देते हुए लिखिए।<br>ग) किस घटना से पता चलता है कि लेखक की माँ उसके मन की पीड़ा समझ रही थी? 'जूझ' कहानी के आधार पर बताइए। | **5x2=10** |